आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 05.07.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा–हज आवेदन एक सप्ताह के भीतर स्वीकार किए जाएंगे।
- डिलाइट थीम के साथ द्वीपों में तीन दिवसीय व्यंजन महोत्सव जारी।
- मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत मोटर थर्ड पार्टी बीमा की अनिवार्य आवश्यकता के लिए निर्देश जारी।
- नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल तेरह जुलाई को किया जाएगा।

<><><><><><><>

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि सरकार एक सप्ताह में वर्ष 2026 के लिए हज आवेदन स्वीकार करना शुरू कर देगी। कल नई दिल्ली में हज समीक्षा बैठक के बाद श्री रिजिजू ने सभी आवेदकों से फॉर्म भर कर समय सीमा के भीतर आवेदन जमा करने का अनुरोध किया। उन्होंने भारतीय हज कमेटी को समय सीमा से पहले सऊदी अरब सरकार को भुगतान जमा करने का निर्देश दिया है। श्री रिजिजू ने कहा कि 65 वर्ष से अधिक आयु के हज यात्रियों की देखभाल के लिए एक साथी का होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि हज यात्रा के दौरान पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग–अलग निवास स्थान के अनुरोध पर सरकार विचार कर रही है।

<><><><><><><>

#डिसाइडलाइट्स थीम के साथ कल प्रदर्शनी मैदान में तीन दिवसीय 'भारतीय व्यंजन महोत्सव–2025' का उद्घाटन किया गया। पर्यटन विभाग की ओर से खाद्य सुरक्षा विभाग और अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से आयोजित इस महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में पर्यटन सचिव ज्योति कुमारी ने किया। इस अवसर पर पर्यटन निदेशक विनायक चमड़िया, पर्यटन हितधारकों, अधिकारियों और आम जनता उपस्थित थे। पर्यटन सचिव ने निदेशक के साथ स्टॉलों का दौरा किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य निजी और ग्रामीण विकास विभाग के स्वयं सहायता समूह के महिलाओं के खाद्य उद्यमों को सशक्त बनाने और स्थानीय स्वयं सहायता समूहों की प्रतिभाओं को बढ़ावा देना है। महोत्सव में लगभग 24 स्टॉल और 5

कियोस्क लगाए गए हैं। खान–पान के स्टॉल के अलावा लोगों के मनोरंजन के लिए ऑर्केस्ट्रा का भी आयोजन किया गया। 'क्यूजीन्स ऑफ इंडिया फेस्टिवल 2025' शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा ।

<><><><><><><>

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत, दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा, की अध्यक्षता में गैर–सरकारी संगठनों, सामाजिक संस्थानों, बैंकों, धार्मिक समूहों और क्लबों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक का उद्देश्य इन संगठनों को निक्षय मित्र योजना के तहत निक्षय मित्र के रूप में पंजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित करना था। बैठक के दौरान, जिला उपायुक्त ने टीबी मुक्त द्वीपसमूह के लक्ष्य को प्राप्त करने में सामुदायिक भागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने निक्षय मित्र योजना का अवलोकन किया। जिला प्रशासन ने पहल में शामिल होने के इच्छुक सभी लोगों को पूर्ण समन्वय और सुविधा का आश्वासन दिया। इच्छुक संगठन और व्यक्ति communitysupport.nikshay.in पर निक्षय मित्र के रूप में नामांकन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

भारतीय सेना ने आगामी त्रि–सेवा अकादमिक प्रौद्योगिकी संगोष्ठी के लिए एक पूर्वावलोकन कार्यक्रम का आयोजन किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य सेवाओं, शैक्षणिक संस्थानों और अनुसंधान तथा विकास के क्षेत्र में एक समन्वित और एकीकृत दृष्टिकोण विकसित करना है। मंत्रालय ने बताया कि देश भर के शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष पोर्टल की शुरुआत की गई है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि इच्छुक संस्थान इस पोर्टल के माध्यम से तथा प्रतिभागी के रूप में संगोष्ठी में भाग ले सकते हैं। यह संगोष्ठी इस वर्ष 22 और 23 सितंबर को आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत मोटर थर्ड पार्टी बीमा की अनिवार्य आवश्यकता के लिए निर्देश जारी किए हैं। वाहन मालिकों द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को वाहन का उपयोग करने की अनुमति नहीं देने को कहा गया है। यदि कोई मोटर वाहन अधिनियम की धारा 196 का उल्लंघन करता है तो उसे 3 महीने तक कारावास या 2000 रुपये का जुर्माना का सजा दिया जाएगा। दूसरी बार उल्लंघन करने पर 3 महीने तक कारावास या 4000 रुपये का जुर्माना या दोनों ही हो

सकते हैं। मंत्रालय ने आम जनता को अपने वाहनों का बीमा कवर सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है, ऐसा न करने पर मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

सीनियर सेकेण्डरी स्कूल जंगलीघाट में निशुल्क योग कक्षा पुनः शुरू की जा रही है। एक जनवरी दो हजार दस को या उसके बाद जन्मे स्कूली बच्चे इस कक्षा में भाग लेने के पात्र हैं। इस सिलसिले में, श्री विजयपुरम क्षेत्र के सभी संस्थान प्रमुखों, अभिभावकों और शारीरिक शिक्षा शिक्षकों से बच्चों को 7 जुलाई से दोपहर 3 बजे से रविवार और छुट्टियों को छोड़कर प्रतिदिन कोचिंग कक्षा में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया गया है। इस कक्षा में योग ओलंपियाड प्रतियोगिता पाठ्यक्रम, एस जी एफ आई योग प्रतियोगिता पाठ्यक्रम शामिल हैं। अधिक जानकारी के लिए शारीरिक शिक्षा शिक्षक मोहम्मद इकबाल, से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन आगामी सब–जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप 2025–26 के लिए चयन ट्रायल का आयोजन करने जा रहा है। चयन तेरह जुलाई को सुबह 09 बजे से जेएनआरएम फुटबॉल मैदान में आयोजित किया जाएगा। एक जनवरी दो हजार बारह से इक्कतीस दिसम्बर दो हजार तेरह के बीच जन्मे खिलाड़ी चयन ट्रायल में भाग ले सकते हैं। एसोसिएशन के पदेन सचिव संजय मेशाक ने चयन से संबंधित जानकारी साझा की।

<><><><><><><>

पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति की ओर से द्वीपसमूह के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। कार्यशाला में बायोमेडिकल अपशिष्ट निपटान प्रोटोकॉल और प्रबंधन नियम 2016 के अनुसार पशु चिकित्सा सुविधाओं के पंजीकरण और प्राधिकरण की अनिवार्य प्रक्रियाओं पर जानकारी दी गई। सत्र में डॉलीगंज स्थित एएनपीसीसी को समय पर आवेदन जमा करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इसके अलावा समिति के अधिकारियों ने पर्यावरण नियमों के तहत पशु चिकित्सा संस्थानों के लिए आवश्यक

संचालन की प्रक्रिया के बारे में बताया। समिति के प्रतिनिधि राज बाबू ने बी एम डब्ल्यू नियम 2016 के तहत लागू किए गए पर्यावरण सुरक्षा उपायों पर चर्चा की।

<><><><><><><>

सैन्य विमानों द्वारा फायरिंग अभ्यास आठ, पन्द्रह, बाईस और उनतीस जुलाई को दोपहर दो से शाम चार बजे तक किया जाएगा। सभी संबंधितों को अभ्यास के दौरान वाहन, मवेशियों और खुद को फायरिंग रेंज से दूर रखने को कहा गया है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

पर्यटन विभाग की ओर से प्रदर्शनी मैदान में तीन दिवसीय भारतीय व्यंजन महोत्सव के उद्घाटन समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। इंफो इंडिया ने बीएमएस प्रतिनिधिमंडल के दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त से मुलाकात करने और प्रधानमंत्री के समक्ष ज्ञापन सौंपने के समाचार को अपने पहले पन्ने में प्रकाशित किया है। द इको ऑफ इंडिया ने सांसद द्वारा उठाए गए ग्रेट निकोबार क्षेत्र में बंदरों के आतंक के समाचार प्रमुखता दी है। एन एच–4 की खराब हालत और मध्योत्तर अंडमान के लोगों द्वारा अतिरिक्त बोट सेवा की मांग को द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने अपनी बड़ी खबर बनाया है।

<><><><><><><>